दैनिक
# न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल
रायगढ़, रविवार 28 जुलाई 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# कोचिंग का नया जलवा

जल्द ही भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर हमें एक चीनी मोबाइल कंपनी की जगह एक भारतीय एजूकेशन टेक्नॉलजी कंपनी का नाम दिखेगा। इस बदलाव से सिर्फ इस कंपनी का कारोबार अच्छा जाने का संकेत नहीं मिलता। यह जानकारी भी मिलती है कि पहली बार भारत में शिक्षा के दायरे में काम करने वाली एक कंपनी बड़ी पूंजी के टॉप क्लास खेल में शामिल हो रही है। 5.4 अरब डॉलर (करीब 37,000 करोड़ रुपये) की टोटल नेटवर्थ और दुनिया की मोस्ट वैल्यूड एड-टेक कंपनी का खिताब हासिल कर लेने के बाद दुनिया की नजर में चढ़ने का उसका हक बनता है। कंपनी का मूल व्यवसाय कक्षा-1 से लेकर आईएएस परीक्षाओं की तैयारी तक अलग-अलग लेवल की पढ़ाई में स्टूडेंट्स की मदद करना है।

देश में फलती-फूलती कोचिंग इंडस्ट्री के सबूत हमें अलग-अलग रूपों में मिलते रहे हैं, फिर चाहे वह मेनस्ट्रीम बॉलिवुड फिल्म सुपर थर्टी की रिलीज हो या कोटा में खुदकुशी करते स्टूडेंट्स की खबरें। इस व्यवसाय का लगातार फलते-फूलते जाना भारत में शिक्षा के लिए बनाए गए मूल ढांचे के नाकारा होते जाने का ही दूसरा पहलू है। गुणवत्ता को बढ़ावा देने के नाम पर अभी तीसेक साल पहले हमने देश में शिक्षा के लिए सरकारी और प्राइवेट स्कूलों का जो दोहरा ढांचा तैयार किया था, हैरानी की बात है कि देखते-देखते उसके समानांतर ट्यूशन और कोचिंग की इतनी बड़ी इंडस्ट्री खड़ी हो गई कि इस पूरे ढांचे की उसके सामने कोई हैसियत ही नहीं बची। इससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए अवसरों की समानता समाप्त हो रही है, लेकिन इस नजरिये से सोचना अब जरूरी नहीं समझा जाता। इसके उलट न सिर्फ प्रतियोगी परीक्षाओं का स्वरूप कोचिंग को बढ़ावा देने वाला होता गया है, बल्कि इसे महिमामंडित करने के प्रयास भी किए जाते रहे हैं। नतीजा यह कि एक तरफ सरकारी स्कूल अपनी मौत मर रहे हैं, दूसरी तरफ प्राइवेट स्कूलों के साथ ट्यूशन और कोचिंग के बाद ऑनलाइन कोचिंग का तीसरा तुर्रा भी जुड़ गया है। अभी केंद्र सरकार की तरफ से शिक्षा नीति का नया मसविदा दस्तावेज देश के सामने बहस के लिए प्रस्तुत है, लेकिन शिक्षा में जड़ जमा रही यह नई जाति प्रथा उसके लिए किसी परेशानी का सबब नहीं है। कोचिंग के बिना बच्चों का काम क्यों नहीं चल रहा, उनकी यह निर्भरता मिटाने के लिए शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में किस तरह के बदलाव किए जाने चाहिए, इन सवालों पर सोचे बिना क्या देश की सभी प्रतिभाओं के साथ न्याय किया जा सकेगा? शिक्षा को लेकर पूरी दुनिया में ढेरों प्रयोग हो रहे हैं। ऐसे ही एक प्रयोग को कोई कंपनी बड़े पैमाने की कमाई का जरिया बनाती है तो इसके लिए उसकी आलोचना नहीं की जा सकती। लेकिन ट्यूशन और कोचिंग इंडस्ट्री की कामयाबी से हमारे शिक्षा ढांचे की जिस बुनियादी नाकामी का अंदाजा मिलता है, उससे निपटने के उपाय तो हमें खोजने ही होंगे।

# इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं ने जीएसटी में कमी का स्वागत किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं के मंच 'सोसाइटी आफ मैन्यूफैक्चरर्स आफ इलेक्ट्रिक वीकल्स (एसएमईवी)' ने ऐसे वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर घटा कर पांच प्रतिशत किये जाने का स्वागत किया है और इसे पर्यावरण अनुकूल आवागमन के साधनों को बढ़ाने की सरकार की नीति के अनुरूप बताया है। एसएमईवी ने इलेक्ट्रिक वाहनों की अलग से बिकने वाली स्पेयर बैटरी पर भी कर घटाने की मांग की है। एसएमईवी के महानिदेशक सोहिंदर गिल ने कहा कि जीएसटी कम होने से बैटरी और पेट्रोलियम ईंधन से चलने वाले वाहनों के दामों में अंतर घटेगा तथा लोग इलेक्ट्रिक वाहनों को अपेक्षाकृत तेजी से अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि, ''पिछले कुछ समय से सरकार इलेक्ट्रिक वाहन को प्रोत्साहित करने का इरादा साफ साफ दिखाना शुरू किया है। जीएसटी में यह कमी सरकार की ओर से इस दिशा में उठाया गया एक कदम है।'' उन्होंने कहा कि हम जीएसटी में सात प्रतिशत की कमी का स्वागत करते हैं। इससे विद्युत चालित और पिस्टन सिलेंडर वाले पेट्रोलियम ईंधन चालित वाहनों के बीच का अंतर कम होगा। उन्होंने कहा कि फेम-2 नीति से निराशा हुई थी पर शुल्क में कमी का यह कदम ''राष्ट्रीय विद्युत वाहन नीति का एक उल्लेखनीय बिंदु है।'' उन्होंने कहा कि स्पेयर बैटरी पर भी शुल्क घटाया जाना चाहिए जो इस समय 18 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी परिषद ने शनिवार को इलेक्ट्रिक वाहनों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया। यह फैसला एक अगस्त से प्रभावी होगा। इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जर पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। अधिकार प्राप्त जीएसटी परिषद की बैठक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई।



# पेट्रोल के रेट्स में कटौती जारी, लगातार तीसरे दिन घटे दाम, डीजल स्थिर



नई दिल्ली, 27 जुलाई (आरएनएस)। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में शनिवार को लगातार तीसरे दिन कटौती की, लेकिन डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया। लगातार दो दिनों से डीजल के दाम में बदलाव नहीं हुआ है। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में फिर नरमी रहने से पेट्रोल और डीजल के दाम में और राहत मिलने की संभावना बनी हुई है। तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल के भाव में दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में पांच पैसे जबकि कोलकाता में दो पैसे प्रति लीटर की कटौती की। नई कटौती के बाद देश की राजधानी दिल्ली में तीन दिनों में पेट्रोल 17 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है।

इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 73.24 रुपये, 75.81 रुपये, 78.85 रुपये और 76.06 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। हालांकि, चारों महानगरों में डीजल के दाम पूर्ववत क्रमशः 66.18 रुपये, 68.29 रुपये और 69.36 रुपये और 69.90 रुपये प्रति लीटर बन हुए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को कच्चे तेल के भाव में कोई ज्यादा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन मांग में कमी के कारण कीमतों पर दबाव दिखा। बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड पिछले सत्र के मुकाबले मामूली गिरावट के साथ 63.30 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ।

एंजेल ब्रोकिंग के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (एनर्जी व

# 2025 तक हासिल हो सकता है 5 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी का लक्ष्यः सुब्रमण्यन

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** केंद्रीय वित्त मंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन (सीईए) ने शुक्रवार को वर्ष 2025 तक देश को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर वाली विशाल अर्थव्यवस्था बनने का भरोसा जताते हुए कहा कि यह उच्च लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त करने योग्य है। उनका यह बयान लगातार घटते वृद्धि के आंकड़ों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहराते संकटों के बीच आया है। इन संकटों में चेतावनी दी गई है कि 2008 में अमेरिका में सब-प्राइम संकट के कारण आई मंदी की तुलना में दुनिया कहीं अधिक गहरी मंदी का शिकार हो सकती है। यह बयान ऐसे समय में भी आया है जबकि कॉर्पोरेट बिक्री और लाभ कम हो रहे हैं और इसकी छाया बैंकिंग क्षेत्र में गहराते संकट में भी दिखती है।

सीईए ने कहा, 2025 के लिए 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त करने योग्य है। उन्होंने इस सिद्धांत में विश्वास व्यक्त किया है कि अगर लक्ष्य को 10 से 15 फीसदी बढ़ा दिया जाए तो इससे अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में मदद मिलती है।

# देश की सबसे बड़ी टेलिकॉम कंपनी बनी रिलायंस जियो

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कारोबार शुरू करने के महज तीन साल के भीतर ही रिलायंस जियो 33.13 करोड़ ग्राहकों के साथ देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी बन गई है। जियो ने इस क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी वोडाफोन आइडिया को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है, जिसने शुक्रवार को बताया कि जून 2019 में उसके ग्राहकों की तादाद घटकर 32 करोड़ रही।

पिछले महीने रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा जारी वित्तीय नतीजों के मुताबिक, उसकी सहायक कंपनी रिलायंस जियो के ग्राहकों की तादाद जून 2019 में 33.13 करोड़ रही।

ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक, मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली दूरसंचार कंपनी जियो मई में 32.29 करोड़ ग्राहकों तथा 27.80 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ एयरटेल को पछाड़कर देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई थी। उस वक्त एयरटेल के ग्राहकों की संख्या 32.038 करोड़ और बाजार हिस्सेदारी 27.6 फीसदी थी।

# अब स्टेशन पर सिर्फ 5 मिनट में मिलेगा गरमा-गरम पिज़्ज़ा!

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगर भी रेलवे में सफर करते हैं तो आपको बता दें कि भारतीय रेलवे अपने यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी लाया है। जी हां, दरअसल दिन प्रतिदिन बढ़ती टेक्नोलॉजी के ट्रेंड को देखते हुए आईआरसीटीसी ने स्टेशन पर एक खास तरह की वेडिंग मशीन की सुविधा पेश की है। आपको बता दें कि इस वेडिंग मशीन से यात्री 5 मिनट में पिज़्ज़ा ले सकेंगे। दरअसल आईआरसीटीसी ने ट्वीट कर बताया कि कई स्टेशन पर पिज़्ज़ा की ऑटोमैटिक वेंडिग मशीन लगाई है। मालूम हो कि ये मशीन पिज़्ज़ा का बेस बनाकर टॉपिंग लगाकर बेक करने में सक्षम है।



बता दें कि वेडिंग मशीन से लोगों का काम आसान हो जाता है। दरअसल टेक्नोलॉजी के ज़रिए एक मशीन इंसानों की तरह आपका सारा काम कर देती है। आपको बता दें कि आईआरसीटीसी ने इस ट्वीट में मुंबई सेंट्रल का ज़िक्र किया है, जहां ये मशीन लगा दी गई है। मालूम हो कि अब यात्री स्टेशन पर गरम-गरम पिज़्जा का लुत्फ उठा सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आईआरसीटीसी ने वीडियो के ज़रिए वेंडिग मशीन इस्तेमाल करने का प्रोसेस भी बताया है। बता दें कि पिज़्ज़ा लेने के लिए सबसे पहले मशीन में पैसे डालने होंगे। अब इसके बाद अपना पसंदीदा पिज़्ज़ा सेलेक्ट करते ही 5 मिनट में पिज़्ज़ा मिल जाएगा। मालूम हो कि दी गई जानकारी के मुताबिक मुंबई इंडिया का पहला ऐसा रेलवे स्टेशन है, जिसपर पिज़्ज़ा वेडिंग मशीन इंस्टॉल की गई है।

# आईसीसी ने मलिंगा के रिटायरमेंट पर बताए गलत आंकड़े

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बाद फिर बढ़ी गलती कर दी है। उसने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर मलिंगा के वनडे करियर से जुड़े आंकड़े बताने में गलती कर दी है।

बता दें कि श्रीलंकाई यॉर्करमैन लसिथ मलिंगा ने वनडे इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया है। श्रीलंका की टीम ने शुक्रवार को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को 91 रनों से मात देकर अपने बेहतरीन तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को विजयी विदाई दी।

दरअसल, मलिंगा ने 226 वनडे इंटरनेशनल मैच खेले हैं, लेकिन आईसीसी ने 225 मैच लिखा है। मलिंगा ने अपने वनडे इंटरनेशनल करियर में 338 विकेट चटकाए, लेकिन आईसीसी ने 335 विकेटों का उल्लेख किया है।



आईसीसी अपनी इस गलती पर लगातार ट्रोल हो रही है। खबर लिखे जाने तक अपनी इस गलती पर उसकी नजर नहीं गई है। 22 जुलाई को भी आईसीसी ने गलती की थी, जब उसने ट्विटर पर दिग्गज मुथैया मुरलीधरन की जगह दूसरे श्रीलंकाई रंगना हेराथ की तस्वीर शेयर कर दी थी। बाद में गलती का पता चलने पर उसने उस पोस्ट को ही हटा लिया था।

मलिंगा ने अपने आखिरी मैच में तीन विकेट (9.4-2-38-3) लेकर वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में भारत के अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया है। कुंबले के वनडे में 337 विकेट हैं, जबकि मलिंगा ने अपने वनडे करियर का अंत 338 विकेटों के साथ किया है।

# ओलम्पिक की रणनीति बनाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक होगी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वर्ष 2020 और 2024 में होने वाले ओलम्पिक खेलों के लिए रणनीति बनाने के उद्देश्य से खेल मंत्रालय एक उच्च स्तरीय बैठक करेगी। खेल मंत्री किरण रिजिजू की अध्यक्षता में समिति यह सुनिश्चित करेगी कि ओलम्पिक और अन्य टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर किया जाए। इस समिति का गठन शुक्रवार को किया गया था।

समिति में ओलम्पिक पदक विजेता लियंडर पेस और गगन नारंग जैसे कई दिग्गज भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अन्य सदस्यों में खेल विभाग के सचिव श्याम जुलानिया राधे, आईओए अध्यक्ष राजीव मेहता, आईओए महासचिव नरिंदर बत्रा, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष अदिले सुमारिवाला और बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमुख अजय सिंह शामिल हैं।

टोक्यो ओलम्पिक के लिए समिति का उद्देश्य संभावित और योग्य खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान करना होगा जिससे इन खेलों में भारतीय एथलीटों की भागीदारी सुचारू रूप से व्यवस्थित हो सके। पेरिस ओलम्पिक की तैयारी के लिए समिति एक रोड-मैप तैयार करेगी और आवश्यकता अनुसार सुझाव देगी।

## आज का राशिफल

*मेषः-* यात्रा से लाभ प्राप्त होगा। नए अवसर मिलेंगे। शत्रु पक्ष निर्बल होगा। साथियों का सहयोग प्राप्त करेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण कर लेना आज बेहतर है।

*वृषभः-* कार्यों में विघ्न आ सकता है। स्थान परिवर्तन का भय बना रहेगा। मन अस्थिर रहेगा। यात्रा में असुविधा रहेगी। मन अशांत हो सकता है।

*मिथुनः-* प्रभाव और कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। विशिष्ट लोगों से संपर्क बनेंगे। यात्रा सुखद व उन्नति का समाचार मिलेगा। आज आपके शत्रु निर्बल रहेंगे।

*कर्कः-* जीवन में उतार-चढ़ाव और बाधाओं के बावजूद धन लाभ होगा। आपके द्वारा किए गए आज के कर्म आपके कल का भविष्य बनाएंगे अतः सोच-समझकर ही निर्णय लें।

*सिंहः-* मन में सकारात्मक विचार आएंगे जिससे कार्य में सफलता प्राप्त होगी। शत्रु पक्ष कमजोर होगा। मित्रों-सज्जनों के सहयोग से स्थिति नियंत्रण में आएगी।

*कन्याः-* यात्रा में असुविधा हो सकती है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। किसी प्रिय वस्तु के खोने की आशंका है, चीजों को खोने से बचाने का विशष ध्यान रखें।

*तुलाः-* आसपास की यात्रा लाभ देगी। मित्रों के सहयोग से लाभ की स्थिति बनी रहेगी। बुजुर्गों व साधु-संतों का आशीर्वाद भाग्योदय करेगा।

*वृश्चिकः-* शुभ समाचार प्राप्त होगा। मान-सम्मान में वृद्धि का योग है। कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। नए अवसर और नए लोगों से परिचय होगा।

*धनुः-* प्रेम में निराशा हाथ लग सकती है। भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है। संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी, मन दुविधा में रहेगा।

*मकरः-* वाद-विवाद से बचने की जरूरत है। आज परिश्रम अधिक और लाभ कम होने की आशंका है जिस वजह से मन में निराशा आ सकती है।

*कुंभः-* कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य आज पूरे हो जाएंगे। किसी बड़े अधिकारी का समर्थन प्राप्त होगा।

*मीनः-* शुभ- अशुभ दोनों प्रकार के फल प्राप्त होंगे। संघर्ष का अंत सुखद रहेगा। विरोधी षड्यंत्र रचेंगे लेकिन कुछ बिगाड़ नहीं पाएंगे, विरोधी पक्ष परास्त होगा। भाग्य 75 प्रतिशत तक साथ देगा।

## दही सेंडविच बनाने की विधि...



**सामग्री :**

1 कटोरी दही(पानी निकला हुआ), 1/2 कटोरी गाजर(बारीक़ कटी हुई), 1/2 कटोरी पता गोभी (बारीक़ कटी हुई), 1/2 कप स्वीट कॉनज़(उबली हुई), 1 शिमला मिचीज़(बारीक़ कटी हुई)

2-3 tbsp मेयोनेज़
2चम्मच शक्कर
1/2tbsp लाल मिचज़ पावडर
1/2tbsp चाट मसाला
नमक (स्वादानुसार)

**विधि :**


एक कटोरे में दही ,गाजर,पता गोभी ,स्वीट कॉर्न,शिमला मिर्ची को अच्छे से मिला लीजिये अब इसमें थोड़ी-सी लाल मिर्च पाउडर, नमक और थोड़ा चाट मसाला मिलाएंगे- उसके बाद उसमे मेयोनेज़ और शक्कर मिलाकर फेटेंगे और मिश्रण तैयार कर लेंगे.

अब ब्रेड ह्यद्यद्बष्द्गह्य लेकर उसके कोनो को काटकर अलग कर दीजिये-अब उस पर तैयार मिश्रण को अच्छे से फैला दीजिये-उसे दूसरे ह्यद्यद्बष्द्ग से ढँक कर दोनों तरफ थोड़ा सा बटर लगाकर तवे में हल्का-सा सेक लीजिये जिससे इसका टेस्ट और बढ़ जायेगा.

## शब्द सामर्थ्य- 38

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।


**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 37 का हल**



## सू-दोकू- 38



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.37 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |